# आईटी, ऑटोमोबाइल के एक्सपर्ट ने बताई भविष्य की संभावनाएं

## आईआईटी में हुआ एकेडमिया सम्मेलन

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

आईआईटी इंदौर के स्टूडेंटस को दुनिया की प्रमुख कंपनियों के मार्गदर्शन में प्रेक्टिकल प्रशिक्षण देने के लिए बुधवार को संस्थान में सेंटर ऑफ इंडस्टीज रिलेशन्स (सीआईआर) द्वारा इंडस्टीज एकेडमिया सम्मेलन हुआ। इसका मकसद इंडस्ट्रीज के अनुसार इंजीनियर्स का प्रशिक्षण किस तरह होना चाहिए के बारे में जानकारी देना था। आईटी, प्रोडक्शन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सहित कई क्षेत्रों के 12 सीईओ और फाउंडर ने अपनी-अपनी इंडस्ट्रीज में होने वाले काम के साथ अगले सालों में होने वाले बदलाव के बारे में स्टूडेंट्स और फैकल्टीज को जानकारी दी। पैनल डिस्कशन में कॉरपोरेट सेक्टर में इंजीनियर्स की जरूरत और टेक्नीकल नॉलेज को लेकर बात हुई।

**बढ़ेगी क्लाउड सर्विसेस की मांग**

विविदस्पार्क आईटी सॉल्यूशन के सीईओ डॉ. विजय होलीमाथ ने मॉडर्न कंप्यूटिंग अर्थमेटिक फॉर प्रोसेसर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगले सालों में आईटी



क्षेत्र में नए इनोवेशन सामने आएंगे। वीईसीवी कंपनी के सीनियर मैनेजर श्याम जामद्रे ने ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज में डिजाइन बिजनेस के बढ़ते ग्रोथ की जानकारी दी। यश टेक्नोलॉजी के एजीएम शैलेंद्र गुप्ता ने वर्तमान समय में क्लाउड सर्विसेस और डाटा एनालिसिस की जरूरत के बारे में कहा कि इस क्षेत्र में रिसर्च और कॅरियर के अच्छे चांस बने रहेंगे।

सम्मेलन में पोस्टर प्रजेंटेशन के तहत विभिन्न प्रोडक्ट और स्टार्टअप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप माथुर सहित कई फैकल्टीज मेम्बर और स्टूडेंट्स मौजूद थे।

**Nai Dunia (Indore), 22nd November 2018, Nai Dunia Live, Page-20**